




# जमीन विवाद में प्रतापसिंह गुरु के खिलाफ प्रकरण दर्ज

- रिवाल्वर लहरा कर धमकाया, धक्का मुक्की भी

**महिदपुर। कांग्रेस के दिग्गज नेता और महिदपुररोड के प्रतिष्ठित परिवार के रहने वाले युवा नेता ने एक जमीन पर जबरन कब्जा करने के दौरान हथियार लहराकर कब्जा करने का प्रयास किया और मारपीट भी की गई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।**





जानकारी के अनुसार डेलचीबुजुर्ग 18 जून को शाम करीबन 6.30 बजे गोविन्द सेन ईसनखेड़ी तिराहे पर खेत पर रखे सुकले को भरने गये थे तभी वहां पर प्रतापसिंह गुर और उसके साथ अन्य दो व्यक्ति खेत पर आए और उन्होंने जेसीबी से खेत के पास खाई खोदने लगे। जब गोविन्द ने जेसीबी वाले व प्रतापसिंह गुर को खेत के पास खाई खोदने से मना किया तो प्रतापसिंह गुर और उसके साथ आये लोगों ने गाली गलौज की। हमार काका राजाराम सेन व मुन्नालाल सेन को जरिये मोबाइल फोन कर यह बात बताई। फिर पिताजी दिनेश सेन, काका राजाराम सेन व मुन्नालाल सेन व कृष्णपाल सेन, लखन सेन आ गये थे। जिन्होंने भी प्रतापसिंह गुर और उसके साथ आये व्यक्तियों को समझाना चाहा तो प्रतापसिंह गुर ने अपने कमर के दाहिने तरफ से रिवाल्वर निकालकर हमारी तरफ कर बोला कि जेसीबी तो यहीं चलेगी। यहां से चले जाओ नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा। मामले में प्रताप सिंह गुरु के खिलाफ महिदपुर रोड पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

**इनका कहना है**

ग्राम डेलची बुजुर्ग सेन समाज के लोग मेरी नारायणखेड़ी की जमीन पर कब्जा करने आए थे। इसके पूर्व में मैंने सेन समाज के लोगों को जमीन जपती के लिए भी कहा था। लेकिन जब उन्होंने इस संबंध में कोईकार्रवाई नहीं की तो मेरे द्वारा पहुंचकर अपनी जमीन कब्जे में ली।

जमीन मालिक प्रतापसिंह गुर,
महिदपुर रोड



# लायंस क्लब अशोक के नए अध्यक्ष बने दिग्विजय सिंह चौहान



- होनहार छात्रों को देंगे स्कॉलरशिप
- नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**उज्जैन। लायंस क्लब उज्जैन अशोक के नवीन सत्र का संस्थापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दिग्विजय सिंह चौहान ने क्लब के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। उनके साथ शशांक भट्ट ने सचिव और ला. पंकज गेरा ने कोषाध्यक्ष का दायित्व संभाला।**

शपथ ग्रहण के उपरांत नवनियुक्त अध्यक्ष ला. दिग्विजय सिंह ने आगामी वर्ष के सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जुलाई माह में सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद छात्रों के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें से चयनित होनहार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। सेवा कार्यों की शुरुआत करते हुए शासकीय माध्यमिक विद्यालय हीरा मिल की चाल के विद्यार्थियों को 500 कॉपियों का वितरण किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नगर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि वीडीजी-2 ला. संजय सक्सेना ने क्लब में शामिल हुए 20 नए सदस्यों को लायनवाद और सेवा कार्यों की शपथ दिलाई। वहीं, शपथ अधिकारी ला. आरजी पाठक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व निर्वहन की शपथ ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के संयोजक श्रीकांत वैशम्पायन थे। संचालन सुभाष चंद्र दुबे व ऋषिराज सिंह अरोरा ने किया तथा आभार शशांक भट्ट ने माना। इस अवसर पर गिरीश जायसवाल, जगदीश अखंड, संजीव गडकरी, दीपक शाह, चिराग शाह, हरि सोलंकी, पीएल टटवाल, आरएस परमार, नितेंद्र रघुवंशी, हरीश देवनानी, जय डेमलानी, नवीन बासवानी, दीपक शर्मा, गुरमीत सिंह जुनेजा और बलविंदर सिंह कपूर सहित अन्य लायन सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सुरमई शाम में गूंजे 80 के दशक के तराने



**इंदौर**. संगीत के शौकीन मित्रों के ग्रुप फ्रेंड्स फॉरएवर द्वारा बीते दिन प्रीतमलाल दुआ सभागृह में एक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस शाम को ग्रुप के कलाकारों ने बॉलीवुड के सुनहरे दौर यानी 80 के दशक के सुपरहिट और यादगार गानों से सजाकर श्रोताओं को अतीत की खूबसूरत यादों में ले गए. कार्यक्रम में कुल 22 सदाबहार गीतों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने सभागृह में मौजूद हर संगीत प्रेमी को झूमने पर मजबूर कर दिया. कार्यक्रम की शुरुआत और आगे का सफर बेहद रोमांचक रहाय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक युगल गीत पेश किए. मोनिका और राजेन्द्र जी की आवाज में कब के बिछड़े हुए, शिवानी और असीम का कबके बिछड़े, और प्रीति व मनीष का घटा छा गई है... ने श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी. वहीं सपना और रीतेश ने शायद मेरी शादी का ख़्याल गाकर माहौल में उत्साह भर दिया, तो संध्या और राजेन्द्र जी ने दिन महीने साल गाकर समां बांध दिया. इसके बाद भी सुरों का यह सिलसिला थमा नहीं. मोनिका-असीम ने, शिवानी-मनीष, प्रीति-रितेश ने और सपना-रा राजेन्द्र ने सुरीली प्रस्तुतियां दीं. संध्या-असीम, मोनिका-मनीष और शिवानी-रीतेश की प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इसके आखिरी दो ग्रुप सॉन्ग्स रहे. देर रात तक चले इस कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य नागरिक और संगीत प्रेमी उपस्थित थे.

### समाजसेवा के लिए डॉ. दीपा सोमानी का सम्मान



**इंदौर**. श्री गीता-रामेश्वरम पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में डॉ. दीपा सोमानी को देवी अहिल्या अलंकरण से अलंकृत किया गया है. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल थे. अध्यक्षता रिटायर्ड जज जस्टिस शमीम कुरैशी ने की. डॉ. दीपा सोमानी ने समाजसेवा के क्षेत्र में अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं. वे माहेश्वरी समाज सहित शहर की अनेक संस्थाओं से जुड़कर सेवा कार्य कर ही रही हैं, साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए भी अनेक कार्य किए हैं. महिला दिवस पर पेट्रोल पंप सहित अन्य संस्थाओं में कार्य करने वाली युवतियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया है. वृद्धाश्रम में जन्मदिन और अन्य दिवसों पर अपनी सखियों के साथ सामग्री वितरण के साथ ही वहां निवासरत बुजुर्गों के सुख और दु:ख भी साझा करती हैं. अपनी महिला सखियों की टीम बनाकर उन्हें भी समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए जोड़ रही हैं और वे आर्थिक सहयोग इकट्ठा कर सेवा कार्य करती हैं. उन्होंने आव्हान किया कि महिलाएं अपनी घर की जिम्मेदारी निभाने के बाद बचे हुए समय में समाज के वंचित वर्ग की सेवा में योगदान दें.

### नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन का हुआ वितरण

**इंदौर**. एनजीओ ईशान फाऊंडेशन द्वारा शहर की आस्था पैलेस कॉलोनी में मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य और हाइजीन की कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यक्रम में 30 से अधिक महिलाएं, युवतियां और किशोर बालिकाएं उपस्थित रहीं. इनमें से अधिकांश महिलाएं घरेलू सहायिकाओं के रूप में कार्य करती हैं. आयोजन में सहयोगी, यूनिचार्म कंपनी की रश्मि प्रसाद तथा ईशान फाउंडेशन की ऋचा राजगुरु जी ने उपस्थित सभी महिलाओं को मासिक धर्म संबंधी स्वास्थ्य, गर्भावस्था, पर्सनल हाइजीन, सही सैनिटरी नैपकिन का चयन से लेकर सर्वाइकल कैंसर के टीके तक के बारे में विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में आर आर कैट की सेवानिवृत वैज्ञानिक डॉ. अपर्णा बर्मन का भी योगदान रहा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को सैनेटरी नैपकिंस का निशुल्क वितरण किया गया. अधिक जानकारी देते हुए ईशान फाऊंडेशन की डायरेक्टर व संस्थापक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता रावल ने कहा, महिला व बालिका स्वास्थ्य को लेकर हमने प्रारंभ से छोटी बस्तियों, आंगनवाड़ियों आदि में कार्यशालाएं आयोजित की हैं. इनका मुख्य उद्देश्य महिला स्वास्थ्य संबंधी बहुत सामान्य लेकिन महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रसार करना होता ह. हमें विश्वास है कि इन आयोजनों के जरिए हम खासकर उन महिलाओं तक जानकारी पहुंचा सकेंगे जो साधनों और सामान्य जानकारी के अभाव में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की शिकार हो जाती हैं और डॉक्टर से राय लेने में भी झिझकती हैं।

### कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, मेधावी छात्राओं को बांटे लैपटॉप

**महू**. चोरल क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सरपंच अशोक सैनी के नेतृत्व में एक विशाल कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन और भव्य कलश चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया. यह आयोजन चोरल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. भगवान दास सैनी की सातवीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए. खेतों में सोयाबीन की बोवनी का सीजन होने के बावजूद, इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति ने हिस्सा लेकर बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया. इस अवसर पर दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि आज किसान, मजदूर, युवा और व्यापारी, हर वर्ग बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है. किसानों को न तो समय पर खाद मिल पा रहा है और न ही उनकी फसलों का उचित दाम मिल रहा है. युवा डिग्री लेकर बेरोजगार घूम रहे हैं और भाजपा सरकार केवल भ्रष्टाचार में नंबर वन बनने का काम कर रही है. जनता अब इस कुशासन से तंग आ चुकी है. इस अवसर पर सरपंच अशोक सैनी ने अपनी पुरानी घोषणा को पूरा किया. उन्होंने 26 जनवरी को क्षेत्र के बच्चों से वादा किया था कि कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को वे अपनी ओर से लैपटॉप देंगे. अपने वादे को निभाते हुए उन्होंने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के हाथों 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रियंका पिता विक्रम और 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अर्जिता ओसारी पिता मनीराम को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप भेंट किए.

# महाकाल सवारी : डीजे और स्वागत मंचों पर लगे प्रतिबंध

**उज्जैन।** श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली बाबा महाकालेश्वर की शाही सवारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सांखला ने इसके पूर्णत: पारंपरिक और धार्मिक स्वरूप को बनाए रखने की मांग की है। उन्होंने सवारी में बढ़ते अनावश्यक दिखावे, वीआईपी कल्चर, डीजे और स्वागत मंचों पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए प्रशासन से आम श्रद्धालुओं की सुलभ दर्शन व्यवस्था को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

**पूंजीवाद नहीं, दर्शन और भक्ति पर हो फोकस:** सांखला ने कहा कि सवारी का मूल भाव राजा का अपनी प्रजा का हाल जानना है। वर्तमान में कुछ लोग अपना ताम-झाम, प्रचार-प्रसार और धन-बल का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो अनुचित है। धार्मिक यात्रा में पूंजीवाद के प्रदर्शन पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। भक्त केवल सेवक के रूप में दर्शन लाभ लें। प्रसादी बांटने के नाम पर निजी प्रचार से व्यवस्था बिगड़ती है, जो सीधे आस्था के साथ खिलवाड़ है।

**डीजे और फिल्मी गानों पर लगे सख्त प्रतिबंध:** सवारी में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर चिंता जताते हुए सांखला ने मांग की कि डीजे, तेज बैंड-बाजे, फिल्मी गानों और बाहरी झांकियों पर तुरंत प्रतिबंध लगे। लाउडस्पीकर का दुरुपयोग रोकते हुए प्रशासन ध्वनि प्रदूषण अधिनियम का सख्ती से पालन कराए। सवारी मार्ग पर केवल शिव स्तुति और हर-हर महादेव के जयकारे गूंजने चाहिए। सवारी में सिर्फ पारंपरिक वाद्य यंत्र जैसे ढोल, नगाड़े, शंख, शहनाई और भजन मंडलियों को ही शामिल किया जाए।

**मंचों से संकरा हो रहा मार्ग, पूर्ण प्रतिबंध की मांग:** उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच रास्ते में बड़े-बड़े स्टेज लगाकर मार्ग को संकरा करना गलत है। स्वागत और निजी प्रचार के लिए लगाए गए इन मंचों से भगदड़ की स्थिति बन सकती है। इसलिए सवारी मार्ग पर स्वागत मंचों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

**यातायात में सहयोग ही विरासत का सम्मान**

सांखला ने बाहरी श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों से यातायात व्यवस्था और डायवर्जन में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन और निर्धारित पार्किंग का उपयोग करना हमारी धार्मिक विरासत का सम्मान है। सांखला ने जिला प्रशासन और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति से मांग की है कि संयुक्त निगरानी कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सवारी का राजनीतिक या व्यावसायिक उपयोग न हो। यदि सवारी के मूल स्वरूप को नहीं बचाया गया तो आने वाली पीढ़ियां क्षमा नहीं करेंगी।

# बालिकाओं को सर्वप्रयास संस्था ने शिक्षण सामग्री वितरित की



**महिदपुर।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था शाखा महिदपुर के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी प्रमुख दीपा राठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध वरिष्ठ समाज सेवी विजय सिंह गौतम एवं विशेष अतिथि संस्था के मूल अध्यक्ष ज्योति शर्मा, कुमुद ओझा रहे।

अध्यक्षता महिदपुर शाखा प्रभारी सोनू रोहिणी मेहता द्वारा की गई। गौतम ने अपने उद्बोधन ने कहा कि समाज में प्रत्यक्ष सक्षम व्यक्ति का दायित्व है कि वह निराश्रित बच्चों की सहायता करे। वहीं संस्था को 11000 की राशि विजय सिंह गौतम द्वारा भेंट की गई। ज्योति शर्मा बृजवासी और कुमुद ओझा ने बताया कि समाज हमारी आत्मा है एवं समाज का उत्थान हमारी छोटी-छोटी मदद से हो सकता है। संस्था ने पितृविहीन छ: बालिकाओं को गोद ले रखा है। उन बालिकाओं को महिदपुर संस्था द्वारा पाठ्य सामग्री एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं वितरित की गई। मातृशक्ति को संस्था द्वारा पदभार सौंपा गया। जिसमें प्रभा शर्मा संस्था की संगठन मंत्री, उषा खंडूजा सह संगठन मंत्री, सरिता कालरा कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी सरोज पोरवाल को नियुक्ति किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अन्य मातृशक्ति का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में मंजू शर्मा, कांता जलान्द्रा प्रवीणा दुआ, रानू सोगानी, सुनीता पालीवाल, मंजू वधवा, नीतू जैन, रेखा चौरसिया, मुक्तिका शर्मा, कुसुम ईनानी, रानी उथरा, दया गेरा, पूजा वधवा, कविता जलान्द्रा अन्य मातृ शक्ति उपस्थित रहे। आभार सोनू रोहिणी मेहता ने व्यक्त किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रजनी गुलाटी ने दी।

# नर सेवा और पांच पौधे रोपने का लिया संकल्प




**इंदौर. अग्रवाल समाज महासंघ विजय नगर क्षेत्र के नए संचालक मंडल, कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की शपथ विधि समाजसेवी बालकिशन छाबछरिया, डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की, दीपचंद अग्रवाल के आतिथ्य में कनाड़िया रोड, मौर्या हिल्स स्थित केबीसी सभागृह में नर सेवा नारायण सेवा तथा प्रत्येक वर्षाकाल में पांच पौधे रोपने के अभिनव संकल्प के साथ सम्पन्न हुई.**

वर्ष 2026-28 के लिए गठित कार्यकारिणी में किशोर गोयल संरक्षक, नीतेश बंसल अध्यक्ष, शैलेन्द्र अग्रवाल (महू) महामंत्री, नीरज गोयल मूर्ति उपाध्यक्ष, संदीप अग्रवाल संगठन मंत्री, प्रमोद अग्रवाल कोषाध्यक्ष, अमित बंसल संयोजक, श्रीमती प्रीति-ऋषभ जैन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भावना-मनीष गर्ग एवं संध्या-संदीप गर्ग उपाध्यक्ष, आभा-नीरज गोयल महिला संयोजक, पवन अग्रवाल सह संयोजक एवं पंकज अग्रवाल प्रचार मंत्री चुने गए. पुरुष कार्यकारिणी में मनीष गर्ग, रोहित सिंघल, विनय गुप्ता, अभिषेक मित्तल, लोकेश अग्रवाल, आनंद अग्रवाल एवं प्रवीण गोयल निर्वाचित हुए. महिला कार्यकारिणी में शीतल-संजय अग्रवाल, कविता-मनीष गर्ग, रुपाली-रोहित सिंघल, बबीता-नवीन अग्रवाल, सरिता-शशांक अग्रवाल, स्वाति-अतुल गुप्ता, पिंकी-पंकज अग्रवाल, ज्योति-पंकज अग्रवाल, उषा-विमल अग्रवाल एवं साक्षी नीरज गोयल का मनोनयन किया गया. विशेष आमंत्रित महिला कार्यकारिणी में संध्या-प्रमोद जैन, पूजा-दीपक सिंथोलिया एवं अर्चना-गिरीश अग्रवाल का चयन किया गया.

# लोगों को बताए साइबर ठगी से बचाव के तरीके



**इंदौर**. लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों के बीच थाना तुकोगंज पुलिस ने गुरुवार को वल्लभ नगर क्षेत्र में मोहल्ला बैठक आयोजित कर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बताए. सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस ने नागरिकों को यूपीआई फ्रॉड, फिशिंग लिंक, ओटीपी ठगी और सोशल मीडिया के जरिए होने वाले साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया. इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी और बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें. साथ ही साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई. पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा.

# अजाक्स की प्रांतीय साधारण सभा एवं महासम्मेलन आज



**उज्जैन। मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने उज्जैन में प्रांतीय साधारण सभा एवं मालवांचल अजाक्स महासम्मेलन का आयोजन 28 जून 2026 को दशहरा मैदान परेड ग्राउंड में किया जाएगा। सम्मेलन दो सत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा।**

आयोजन समिति के महेश विरोलिया, रमेशचंद्र चांगेसिया, जगन्नाथ बागड़ी एवं डॉ. रतनलाल परमार ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश के सभी 55 जिलों से अजा, अजजा एवं पिछड़ा वर्ग के 10 हजार से अधिक समाजजन, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे। महासम्मेलन में कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, बालयोगी उमेशनाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, लालसिंह आर्य, क्षेत्रीय विधायक, महापौर एवं नगर निगम सभापति सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रहेगी। जेएन कंसोटिया, संतोष वर्मा, एसएल सूर्यवंशी, महेश अहिरवार, राजवीर अग्निहोत्री, एआर सिंह, करण भगत, डॉ. मथुराप्रसाद सहित प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में अजा-अजजा वर्ग के स्वर्णिम भविष्य निर्माण को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस अवसर पर पीएससी, यूपीएससी में चयनित प्रतिभाओं एवं मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाजसेवी, पत्रकार, साहित्यकारों को भारत रत्न डॉ. अंबेडकर शिक्षा सम्मान, डॉ. अंबेडकर पत्रकारिता सम्मान एवं समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील कनिया मेड़ा, प्रमोद मालवीय, दरियावसिंह गेहलोत, रमेश सूर्यवंशी, हेमराज गोखले, प्रवीण गेहलोत, प्रहलाद सूर्यवंशी, नारायण गुजराती, चंद्रशेखर लश्करी, डॉ. गिरधर मालवीय, अविनाश गुजराती सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

**एक नजर** — शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की राष्ट्रीय बैठक में बोले डॉ. अतुल कोठारी

# भारतीय शिक्षा का सकारात्मक माहौल बनाएं प्रचार-प्रसार कार्यकर्ता

**उज्जैन।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में न्यास के राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार की बैठक एनआईटी परिसर में आयोजित की गई। शुभारंभ सत्र में स्वागत वक्तव्य देते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. अजय कुमार शर्मा ने कहा कि हमारे संस्थान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्णत: क्रियान्वित किया है। डॉ. अतुल कोठारी के प्रयासों से देश की शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उनका विजन पूरे देश के लिए लाभदायक है। उनके शिक्षा संबंधी सभी व्याख्यानों को यूट्यूब पर अपलोड करने का दायित्व हमने लिया है।






न्यास के क्षेत्रीय प्रचार-प्रसार संयोजक डॉ. जफर महमूद ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि न्यास देश में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। हमारे कार्य के सकारात्मक पहलू समाज तक पहुंचना बहुत आवश्यक है। यह काम प्रचार-प्रसार के कार्यकर्ताओं को करना चाहिए। हम नकारात्मकता को रोक नहीं सकते, लेकिन सकारात्मक प्रचार से इसे कम जरूर किया जा सकता है। साधारण व्यक्ति को जैसा दिखता है, उसे वैसा ही समझ आने लगता है। अच्छी बातों का सामान्य व्यक्ति पर अच्छा प्रभाव होता है, इसलिए व्यक्तिगत रूप से हमें अच्छाइयां बांटने का काम करना चाहिए।

डॉ. कोठारी ने कहा कि प्रचार-प्रसार कार्यकर्ता के पास सामग्री और सजगता दोनों का होना आवश्यक है। कार्यकर्ता को देश की शिक्षा व्यवस्था और न्यास के बारे में संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर सामग्री अपलोड करने से पहले कार्यकर्ता शब्दों का सही चयन और सूक्ष्म परीक्षण करें। सामग्री साझा करने से पहले उसकी गंभीरता को समझें। अध्ययनशील, चिंतनशील और विचारशील कार्यकर्ता बनकर न्यास के कार्यों को समाज के बीच ले जाने का काम करें।

कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार के राष्ट्रीय संयोजक अथर्व शर्मा ने बैठक की भूमिका प्रस्तुत की। सत्र का संचालन डॉ. आलोक कुमार ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी, एनआईटी के निदेशक प्रो. अजय कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. हितेश कुमार शर्मा, न्यास के राष्ट्रीय संयोजक ए. विनोद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुरेश गुप्ता व सह-संयोजक संजय स्वामी का स्वागत सह-संयोजक डॉ. आयुष गुप्ता, क्षेत्रीय संयोजक डॉ. जफर महमूद और गौरव गौतम ने किया।